उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–8619/23 दिनांक 16/10/2023

कार्यालय ज्ञाप

डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन, रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन एवं विभिन्न पैरामेडिकल प्रशिक्षण वर्ष 2023–24 में प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक आपके प्रशिक्षण केन्द्र में संचालित डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन, एक्स–रे टेक्नीशियन, रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन एवं विभिन्न पैरामेडिकल प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रक्रिया में आवंटन पत्र तैयार कर दिनांक 11.10.2023 को इण्टरनेट पर घोषित किया जा चुका है। उक्त के प्रवेश के सम्बन्ध में सूचित करना है कि –

1. प्रवेश सूची प्रवेश प्रक्रिया पोर्टल पर उपलब्ध है।
2. प्रवेश की अन्तिम तिथि 19.10.2023 निर्धारित की गयी है।
3. छात्रों के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अंक–पत्र एवं प्रमाण–पत्रों को सत्यापन आप अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करें।
4. कृपया निर्धारित तिथि तक प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराकर प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को दिनांक 13.10.2023 से 19.10.2023 तक पोर्टल पर एडमिटेड लॉक कर दें एवं प्रवेशित अभ्यर्थियों की सूची पोर्टल से डाउनलोड करें ।
5. उक्त प्रशिक्षण में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों से प्रथम वर्ष का शिक्षण शुल्क (Tution Fee) रू.24,000 / – (चौबीस हजार रूपये) मात्र इस कार्यालय में ऑनलाइन जमा कराया जा चुका है जिसे प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र को ट्रॉसफर कर दिया जायेगा।
6. शिक्षण शुल्क (Tution Fee) के अतिरिक्त निर्धारित अन्य मदों का शुल्क सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा जमा कराया जायेगा।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी